# ओमप्रकाश अध्यक्ष और ज्ञान सिंह उपाध्यक्ष निर्वाचित



नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा ( दाएं से तीसरे ) का स्वागत किया।

**हिण्डौन सिटी।** समीप के गांव खेड़ा जमालपुर की ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए गुरुवार को निर्विरोध चुनाव संपन्न हुए। जिसमें ओम प्रकाश वर्मा को अध्यक्ष और ज्ञान सिंह जाट को उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।

चुनाव अधिकारी दिनेश सिंह गुर्जर ने बताया कि गत 20 सितंबर को ग्राम सेवा सहकारी समिति के सदस्य पद के लिए निर्वाचन हुआ था। जिसमें पूर्व में निर्विरोध निर्वाचित राजवती, हरेंद्र सिंह, चौथी लाल, गुलाब चंद , जीवन लाल आदि 5 सदस्यों के अलावा 7 सदस्यों के लिए मतदान हुआ था। जिसमे रतिराम मीणा , रतन सिंह जाट, ज्ञान सिंह जाट, रुकमणी देवी, ओम प्रकाश वर्मा, विष्णु जाट, अरुण जाट को विजयी घोषित किया गया। इसके बाद निर्धारित चुनाव प्रक्रिया के अनुसार गुरुवार सुबह 10 बजे से अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन फार्म दाखिल किए गए। जिनमें अध्यक्ष पद के लिए केवल एक नामांकन फॉर्म ओम प्रकाश वर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया तो वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए भी केवल एक ही नामांकन फॉर्म ज्ञान सिंह जाट की ओर से प्राप्त हुआ। दोनों पदों के लिए केवल एक-एक नामांकन फॉर्म प्राप्त होने के कारण इन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। इस तरह ठाम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश वर्मा और उपाध्यक्ष पद पर ज्ञान सिंह जाट को निर्वाचित घोषित कर दिया गया है। निर्वाचन की घोषणा के साथ ही निर्वाचन अधिकारी की ओर से दोनों पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र सौपे गए 7स दौरान पदाधिकारियों के साथ ही सभी नवनिर्वाचित सदस्यों का भी ग्राम सेवा सहकारी समिति के सदस्यों और गांव के गणमान्य लोगों ने माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि इस समिति के बोर्ड में चौथी बार ओम प्रकाश वर्मा को अध्यक्ष चुना गया है ।इससे पूर्व उनके पिता स्वर्गीय रघुवीर सिंह इस समिति के अध्यक्ष रहे हैं । 1957 में ठाम सेवा सहकारी समिति खेड़ा जमालपुर का गठन हुआ था। उस समय से लेकर आज तक लगातार 70 वर्षों तक समिति के बोर्ड पर पिता पुत्र का ही वर्चस्व कायम है। इस उपलब्धि के बारे में नवनिर्वाचित अध्यक्ष वर्मा से पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि समिति के प्रति समर्पित भाव से काम करना और किसानों की हर समस्याओं का समाधान करना उनके पिता की प्राथमिकता रही है। यह कर्मठता और समर्पण भाव उन्हें पिता से विरासत में मिला है। जिसको वह हमेशा कायम रखेंगे ।

इसी दौरान नव निर्वाचित उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह जाट का कहना था कि समिति के विकास और उत्थान के लिए बनने वाली सभी योजनाओं में वे पूरी सक्रियता से काम करेंगे और हर सदस्य को साथ लेकर समिति के विकास के लिए काम करेंगे ।

# मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की

**हिण्डौन सिटी।** भारतीय जनता पार्टी ऐसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष बाबूलाल ठेकेदार ने जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया की सहमति से जिले के सभी मंडल अध्यक्षों के नियुक्ति कर दी है ।

भारतीय जनता पार्टी एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष बाबूलाल ठेकेदार की ओर से जारी प्रेस विज्ञिप्त के अनुसार जिले की चारों विधानसभाओं में सभी मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है। जिसमें करौली विधानसभा क्षेत्र से करौली शहर मंडल अध्यक्ष पद पर जगदीश जाटव, करौली ठाामीण मे राजकुमार,सायपुर में विजय बैरवा, मासलपुर में राजू लाल, खेड़ा जमालपुर में अरविंद जाटव को नियुक्त किया गया है। इसी तरह हिंडौन विधानसभा क्षेत्र के हिंडौन शहर मंडल अध्यक्ष पद पर नरेंद्र कुमार, हिण्डौन ठाामीण में बृजेश जाटव, सूरौठ में राजेश जाटव, महु में रघुवीर महावर और श्री महावीरजी में बबलू कोली को नियुक्त किया है । टोडाभीम विधानसभा क्षेत्र में टोडाभीम शहर मंडल अध्यक्ष पद पर राजेश कुमार बसवाल, टोडाभीम ठाामीण में पृथ्वीराज कोली, नादौती में हरकेश कैमला, बालघाट में कन्हैया, बालाजी में गिर्राज प्रसाद बेरवा, गुढाचंद्रजी में गिर्राज प्रसाद को नियुक्त किया है।

इसी तरह सपोटरा विधानसभा क्षेत्र में सपोटरा ठाामीण में खिलाड़ी बेरवा, सपोटरा शहर में लाला धोबी, हाड़ोती में हनुमान, करणपुर में देवी लाल बेरवा और मंडरायल में जगदीश जाटव को नियुक्त किया है ।

# बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया

वैर । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जगजीवनपुर में प्रधानाचार्य गीतेश की अध्यक्षता में किशोरी शैक्षिक मेले का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य गीतेश ने बताया कि स्थानीय विद्यालय के कक्षा 6 से 12वी तक के छात्र छात्राओं ने शैक्षिक किशोरी मेले में भाग लिया।


**कार्यालय नगरपालिका टोडाभीम जिला-करौली ( राज. )**

क्रमांक/नपाटो/PSKS/2022-23/2176 दिनांक:21.09.2022

**आपत्ति आमंत्रण-पत्र**

प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 के तहत् नगरपालिका टोडाभीम कार्यालय में 20 आवेदकों द्वारा 69-ए के अन्तर्गत एवं 27 आवेदकों द्वारा कृषि भूमि नियमन के अन्तर्गत पट्टा प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए है। जिनकी सूची नगरपालिका नोटिस बोर्ड पर दिनांक 21.09.2022 को चस्पा कर दी गई है। सर्वसाधारण उक्त सूची का अवलोकन कर अपनी आपत्ति 07 दिवस की अवधि मय साक्ष्य दस्तावेज भूमि शाखा नगरपालिका टोडाभीम में दर्ज करा सकेंगे अवधि समाप्त होने पर आपत्तियों पर विचार-विमर्श नहीं किया जावेगा। और सम्बन्धित आवेदक के पक्ष में पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यह सूचना दिनांक 21.09.2022 को मेरे हस्ताक्षर व मण्डल की मुद्रा द्वारा जारी की गई। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका टोडाभीम ( करौली )


# गायों को औषधि युक्त लड्डू खिलाए

**हिण्डौन सिटी ।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा आज बयाना मार्ग पर नेहरु महाविधालय और आदर्श विद्यालय के यहाँ गायों को लम्पि वायरस से बचाव हेतु लड्डू खिलाए गए।

संगठन के प्रखंड अध्यक्ष सूरज सैनी ने बताया कि इस महामारी के समय में हिन्दू संस्कृति में पूजनीय गौ माता पर आए इस संकट में संगठन ने जगह-जगह पर लड्डू बना कर गायों को दी जा रही हैं और साथ ही पीड़ित गायों को उपचार हेतु गौ धाम पहुँचा कर इलाज किया जा रहा है। टीम शहर भर में धूम धूम कर नजर रख रही है कि कही गायों में यह बीमारी नजर आती है तो लडडू खिलाए जाते है। जिससे गाये इस बीमारी से बच सके। इस कार्य के लिए रोजाना सुबह से ही मुस्तैद हो जाती है।

प्रखंड मंत्री भारत सोलंकी ने कहा कि इस मुहिम में विहिप बजरंग दल गौ माता की सेवा और उपचार के लिए दिन रात लगा हुआ है. इस मौके पर प्रखंड सह मंत्री राजेंद्र जांगिड़, अमन मुद्गल, गौ सेवा प्रमुख आशीष जांगिड़, भूपेंद्र शर्मा, सुमित सोनी, संदीप बेनीवाल आशीष बंसवारे आदि कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

# रंगोली में दिव्या बंसल प्रथम मिनल गुप्ता द्वितीय रही



अग्रसेन जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में अग्रवाल महिला मंडल की बैठक हुई।

**करौली ।** अग्रसेन जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में अग्रवाल महिला मंडल करौली के तत्वाधान में बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गई।

इस मौके पर बालिकाओं ने रंगोली में बढ़चढ़ कर भाग लिया जिस रंगोली के निर्णायक के रूप में प्रदेश मंत्री वर्षा सुशीला गुप्ता रही। जिन्होंने बालिका वर्ग में दिव्या बंसल पुत्री रमेश बंसल प्रथम स्थान पर मिनल गुप्ता को द्वितीय स्थान पर रहने का निर्णय दिया। महिला वर्ग में पिंकी गुप्ता प्रथम स्थान पर और शोभा गुप्ता द्वितीय स्थान पर रही इसके अलावा संयोजिका माया गुप्ता सुनीता गुप्ता लक्ष्मी गुप्ता रही जिन्होंने कार्यक्रम में भरपूर सहयोग दिया इसके अलावा नींबू चम्मच प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में श्रुति गर्ग प्रथम स्थान पर तनवी गुप्ता द्वितीय स्थान पर महिला वर्ग में मंजू गर्ग प्रथम स्थान पर नीरज गुप्ता द्वितीय स्थान पर रही जिसमें संजना शराफ और मंजू गर्ग कोमल गुप्ता संयोजिका रही जिन्होंने व्यवस्था बनाएं कार्यक्रम में महिला मंडल की कोषाध्यक्ष नीना गुप्ता अनीता गुप्ता विनीता ममता गुप्ता पूजा गुप्ता गायत्री गोयंका राजकुमारी श्वेता गुप्ता रही इससे पूर्व महामंत्री मंजू सिंगल राष्ट्रीय महामंत्री रेखा प्रदेश सलाहकार गायत्री शराफ प्रदेश महामंत्री वर्षा सराफ जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रेनू गर्ग पूर्व अध्यक्ष उर्मिला भगत विद्या भगत जिला संगठन मंत्री चंद्रकांता ने अठासेन महाराज के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

# 'योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले'

**सवाई माधोपुर।** सम्भागीय आयुक्त भरतपुर सांवर मल वर्मा गुरूवार को सवाई माधोपुर जिले के दौरे पर रहे। जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला एवं पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार विश्नोई की उपस्थिति में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने फ्लैगशिप, विभागीय योजनाओं तथा मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं की प्रगति की विभागवार समीक्षा की।

सम्भागीय आयुक्त ने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारी बैठक में विभागीय योजनाओं, मुख्यमंत्री बजट घोषणा की तथ्यात्मक प्रगति रिपोर्ट के साथ आए। उन्होंने बैठक को गम्भीरता से लेने एवं पूर्व बैठक में दिए निर्देशों की अक्षरशः पालना करने के निर्देश सभी विभागीय अधिकारियों को दिए है। उन्होंने कहा कि फ्लैगशिप एवं राज्य सरकार की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जिले के हर पात्र व्यक्ति को मिले। साथ ही उन्होंने योजनाओं में प्रगति न लाने वाले अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला को दिए है। उन्होंने जिले के गौवंश को लम्पी रोग के संक्रमण से बचाने के लिए पर्याप्त मात्रा में दवा एवं टीके की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. बीएल गुप्ता को दिए है। उन्होंने असंक्रमित पशुओ को स्वस्थ रखने के लिए उनके बाडे में सोडियम हाईपोक्लोराईड अथवा साईपर मेथरिन का स्प्रे करवाने के निर्देश भी पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक को प्रदान किए। आवारा पशुओ में रोग के लक्षण पाये जाने पर संबन्धित ग्राम पंचायत के आईसोलेशन वार्ड में भेजकर उपचार किया जाए।उन्होंने जिले के अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्र के प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत बीमित प्रभावित किसानों को फसल खराबे का उचित मुआवजा दिलवाने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिए है। उन्होंने रबी फसल के लिए खाद की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश कृषि विभाग के उप निदेशक रामराज मीना को दिए। उन्होंने जिले में संचालित आंगनबाडी केन्द्रों के विद्युतीकरण के लिए जिन आंगनबाड़ी केन्द्र में डिमाण्ड नोटिस जमा हो गया है उनमें एक सप्ताह के अन्दर विद्युत कनेक्शन देने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारी को दिए है। वहीं उन्होंने चारदीवारी वाले राजकीय भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में न्यूट्री गार्डन विकसित करने के निर्देश महिला बाल विकास की उपनिदेशक ऋचा चतुर्वेदी को दिए। सम्भागीय आयुक्त ने इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारन्टी योजना के तहत नियोजित श्रमिकों के माध्यम से सड़क के दोनों ओर उग रहे पेड़ो की कटाई, छटाई, झाड़ियों की सफाई, गड्ढो की भराई, स्पीडब्रेकर के निर्माण कार्य शहरी क्षेत्र में करवाए।

# कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**भरतपुर** (निस)। जिला व्यापार महासंघ की चुनावों के बाद प्रथम आम सभा एवं कार्यकारिणी की बैठक स्थानीय आदित्य रिसोर्ट घना रोड पर सम्पन्न हुई।

इस बैठक की अध्यक्षता संजीव गुप्ता जिलाध्यक्ष जिला व्यापार महासंघ एवं संवाद जिला महामंत्री नरेन्द्र गोयल द्वारा जिला कोशाध्यक्ष जयप्रकाश बजाज द्वारा साल भर का आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया एवं विषिश्ठ अतिथि के रूप में जिला व्यापार महासंघ के संरक्षक सीताराम अग्रवाल, कपूरचन्द सिंघल माचिस वाले, दामोदर लाल गर्ग थे। इस साधारण सभा एवं कार्यकारिणी की प्रथम बैठक में जिले की एवं षहर की समस्त ईकाईयों ने भाग लिया। सर्वप्रथम ईष वन्दना के बाद जिलाध्यक्ष ने सभी आगुन्तक सदस्यों का स्वागत किया एवं ऐजेन्डे को सबके सामने प्रस्तुत किया। इस विशय में सबसे प्रथम भरतपुर व्यापार महासंघ का स्थापना दिवस दिसम्बर माह की 27 तारीख को रखने का प्रस्ताव रखा। जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया।

# गायों को चारा व गुड खिलाया

**भरतपुर** (निस)। महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर महाराजा अग्रसेन शोभायात्रा समिति के तत्वावधान में मनाए जा रहे सात दिवसीय कार्यक्रमों के तहत अपना घर गौशाला संघ इकरन में गायों के लिए चारा एवं गुड सेवा की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम अपनाघर संस्थापक एवं मानव व पीडितों के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले डॉ.वी.एम. भारद्वाज के सानिध्य में एवं नगर निगम के पूर्व महापौर शिव सिंह भोंट के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम संयोजक विनोद सिंघल एवं अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि पंडित प्रेमी शर्मा द्वारा गौमाता की पूजा अर्चना कराई, पीताम्बर वस्त्र उढाकर माला पहनाई गई, समाज के बन्धुओं ने अपने हाथ से गायों के लिए चारा व गुड खिलाया। मुख्य अतिथि शिवसिंह भोंट ने अग्रसेन जयन्ति पर अग्रवाल समाज द्वारा किये जा रहे कार्यों की भूरि-2 प्रशंसा की एवं कहा कि अग्रवाल समाज की दान पुण्य में विशेष रूचि रहती है माता लक्ष्मी की पूरी कृपा है इसलिए इसे अग्रणी समाज कहा जाता है।

# मनमानी ढंग से सर्वे करने का आरोप

**हिण्डौन सिटी** (निस)। फाटक संख्या 198 सिकरौदा मीना पर प्रस्तावित आरओबी निर्माण के अब तक के किये गये सर्वे को अधिकारियों पर बार बार बदलने और मनमानी बरतने का आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर को पत्र भेजकर से विद्यालय परिसर एवं छात्र अध्ययन हित को ध्यान में रखते हुऐ फिर से सर्वे कराने की मांग की है ।

गांव सिकरौदा मीना के ग्रामवासियों का कहना है कि फाटक संख्या 198 हिण्डौन सिटी व श्री महावीर जी स्टेशन के बीच रेल्वे ओवर ब्रिज का निर्माण प्रस्तावित है। जिसके पिछले 4 साल से सर्वे होते रहे है। पहले जो दोनो सर्वे किये गये थे, उनमें गॉव सिकरौदा का राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुरक्षित था । जिसका नामांकन कभी 800 से कम नहीं रहा और कई आईएएस व उच्च पद के अधिकारी यहा से निकले है। आसपास की पंचायत बरगमां, इरनिया काचरौली व आसपास के गॉवों के बच्चे यहा अध्ययन के लिये आते है। वही पूर्व में किये गए सर्वे के अनुसार एक भी आबादी वाला घर भी प्रभावित नही था । जा रहा और ना ही आरओबी में मोड था और आरओबी की लम्बाई भी अब किए गये सर्वे से आधी थी । आरोप लगाया है कि अभी जो सर्वे जो किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार इसी अन्तिम सर्वे को फाइनल रूप दिया जा रहा है

समस्त ग्राम वासियों की माँग करते हुए लिखा है कि विद्यालय परिसर सुरक्षित रखते हुऐ विद्यालय से पहले से पहले जो सर्वे हुए है । वही से निकाला जाऐ जिससे आर ओ बी की लम्बाई भी नहीं बढे और हमारे गॉव का मुख्य रास्ता भी सुरक्षित रहे । ग्रामीण मनोज प्रजापत पुत्र रतनलाल प्रजापत जिसका नव निर्मित घर टूट रहा है, गोविन्द मीना पुत्र भरोसी लाल मीना का आशियाना टूट रहा हैं, लोकेश मीना पुत्र स्व0 राजूलाल मीना जिसका घर दुकान खेत सबकुछ चौपट हो रहा है। भगवान सिंह मीना पुत्र स्व0 गंगाविशन मीना जिनकी दुकानें व चारा गोदाम टूट रहे है। समय मीना,राजेश मीना, बाबूलाल मीना,मोहर सिंह मीणा व अन्य के आवासीय घर टूटने के साथ-साथ राजकीय विद्यालय की दुर्दशा होने ग्रामीणों में बहुत ज्यादा आक्रोश है।


**न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रमांक 1 हिण्डौन सिटी**
मुकदमा नं. 23 / 2013
DP. 746/12.9.22
**नोटिस हरखास आम**

सोहन सिंह बनाम कान्ता वगै. दावा बावत तकमील मुहायदा व स्थाई निषेधाज्ञा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वादी सोहन सिंह पुत्र भजन लाल, जाति जाट निवासी शेरपुर, तहसील सूरौठ, जिला करौली ने प्रतिवादीगण 1. रामसिंह पुत्र कल्याण उर्फ रामगिलास, जाति कंडेरा, हाल निवासी कृष्ण जन्मभूमि, कृष्णा कॉलोनी, मथुरा (यू.पी.), 2. उमेद सिंह पुत्र कल्याण उर्फ रामगिलास, जाति कंडेरा, निवासी काला शहीद के पास, हाथरस (यू.पी.), 3. पूनम पत्नी भूपेन्द्र पुत्री कल्याण उर्फ रामगिलास, जाति कंडेरा, निवासी आगरा कैन्ट तहसील के पास, आगरा, 4. रेखा पत्नी गणेश पुत्री कल्याण उर्फ रामगिलास, जाति कंडेरा, निवासी आगरा कैन्ट तहसील के पास, आगरा के खिलाफ उक्त न्यायालय में वाद विचाराधीन है।

लिहाजा जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त दावा के स्वीकार किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 10.10.2022 को समय 10.00 ए.एम. बजे असालतन या वकालतन उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, वरना गुजरने उक्त दिनांक कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं उक्त वाद एकतरफा सुनकर फैसल कर दिया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 08.09.2022 को जारी किया गया है।

आज्ञा से सीनियर रीडर
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रसं.-1 हिण्डौन सिटी



**कार्यालय नगर परिषद, हिण्डौन सिटी, जिला करौली ( राज. )**

क्रमांक:-8985 दिनांक:21.03.2022

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित आवेदक ने अपनी खातेदारी की भूमि में से जरिये इकरारनामा द्वारा भूमि का क्रेताओं द्वारा निम्नांकित वर्णित भूमि का 90ए/90बी आवासीय पट्टा/व्यवसायिक दुकान का पट्टा चाहा गया हैं, जिनका विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल ( वर्गगज /वर्गफीट में ) | राजस्व गांव |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रवि दत्तात्रेय, प्रदीप पुत्र कल्याण प्रसाद दत्तात्रेय निवासी- दांतरा पाडा, हिण्डौन सिटी | 6480/10089 | 1683 | हिण्डौन |
| 2. | रवि दत्तात्रेय, प्रदीप पुत्र कल्याण प्रसाद दत्तात्रेय निवासी- दांतरा पाडा, हिण्डौन सिटी | 6480/10089 | 26.00 | हिण्डौन |
| 3. | रवि दत्तात्रेय, प्रदीप पुत्र कल्याण प्रसाद दत्तात्रेय निवासी- दांतरा पाडा, हिण्डौन सिटी | 6480/10089 | 22.21 | हिण्डौन |
| 4. | रवि दत्तात्रेय, प्रदीप पुत्र कल्याण प्रसाद दत्तात्रेय निवासी- दांतरा पाडा, हिण्डौन सिटी | 6480/10089 | 24.17 | हिण्डौन |
| 5. | रवि दत्तात्रेय, प्रदीप पुत्र कल्याण प्रसाद दत्तात्रेय निवासी- दांतरा पाडा, हिण्डौन सिटी | 6480/10089 | 26.16 | हिण्डौन |
| 6. | रवि दत्तात्रेय, प्रदीप पुत्र कल्याण प्रसाद दत्तात्रेय निवासी- दांतरा पाडा, हिण्डौन सिटी | 6480/10089 | 23.25 | हिण्डौन |
| 7. | रवि दत्तात्रेय, प्रदीप पुत्र कल्याण प्रसाद दत्तात्रेय निवासी- दांतरा पाडा, हिण्डौन सिटी | 6480/10089 | 19.38 | हिण्डौन |
| 8. | रवि दत्तात्रेय, प्रदीप पुत्र कल्याण प्रसाद दत्तात्रेय निवासी- दांतरा पाडा, हिण्डौन सिटी | 6480/10089 | 25.41 | हिण्डौन |
| 9. | रवि दत्तात्रेय, प्रदीप पुत्र कल्याण प्रसाद दत्तात्रेय निवासी- दांतरा पाडा, हिण्डौन सिटी | 6480/10089 | 25.54 | हिण्डौन |
| 10. | रवि दत्तात्रेय, प्रदीप पुत्र कल्याण प्रसाद दत्तात्रेय निवासी- दांतरा पाडा, हिण्डौन सिटी | 6480/10089 | 18.08 | हिण्डौन |
| 11. | रवि दत्तात्रेय, प्रदीप पुत्र कल्याण प्रसाद दत्तात्रेय निवासी- दांतरा पाडा, हिण्डौन सिटी | 6480/10089 | 15.71 | हिण्डौन |
| 12. | रवि दत्तात्रेय, प्रदीप पुत्र कल्याण प्रसाद दत्तात्रेय निवासी- दांतरा पाडा, हिण्डौन सिटी | 6480/10089 | 30.76 | हिण्डौन |
| 13. | रवि दत्तात्रेय, प्रदीप पुत्र कल्याण प्रसाद दत्तात्रेय निवासी- दांतरा पाडा, हिण्डौन सिटी | 6480/10089 | 25.75 | हिण्डौन |
| 14. | रवि दत्तात्रेय, प्रदीप पुत्र कल्याण प्रसाद दत्तात्रेय निवासी- दांतरा पाडा, हिण्डौन सिटी | 6480/10089 | 25.66 | हिण्डौन |
| 15. | रवि दत्तात्रेय, प्रदीप पुत्र कल्याण प्रसाद दत्तात्रेय निवासी- दांतरा पाडा, हिण्डौन सिटी | 6480/10089 | 20.88 | हिण्डौन |
| 16. | रवि दत्तात्रेय, प्रदीप पुत्र कल्याण प्रसाद दत्तात्रेय निवासी- दांतरा पाडा, हिण्डौन सिटी | 6480/10089 | 25.88 | हिण्डौन |
| 17. | रवि दत्तात्रेय, प्रदीप पुत्र कल्याण प्रसाद दत्तात्रेय निवासी- दांतरा पाडा, हिण्डौन सिटी | 6480/10089 | 25.92 | हिण्डौन |
| 18. | रवि दत्तात्रेय, प्रदीप पुत्र कल्याण प्रसाद दत्तात्रेय निवासी- दांतरा पाडा, हिण्डौन सिटी | 6480/10089 | 14.66 | हिण्डौन |
| 19. | रवि दत्तात्रेय, प्रदीप पुत्र कल्याण प्रसाद दत्तात्रेय निवासी- दांतरा पाडा, हिण्डौन सिटी | 6480/10089 | 24.63 | हिण्डौन |
| 20. | रवि दत्तात्रेय, प्रदीप पुत्र कल्याण प्रसाद दत्तात्रेय निवासी- दांतरा पाडा, हिण्डौन सिटी | 6480/10089 | 25.37 | हिण्डौन |
| 21. | रवि दत्तात्रेय, प्रदीप पुत्र कल्याण प्रसाद दत्तात्रेय निवासी- दांतरा पाडा, हिण्डौन सिटी | 6480/10089 | 25.29 | हिण्डौन |
| 22. | रवि दत्तात्रेय, प्रदीप पुत्र कल्याण प्रसाद दत्तात्रेय निवासी- दांतरा पाडा, हिण्डौन सिटी | 6480/10089 | 26.08 | हिण्डौन |
| 23. | रवि दत्तात्रेय, प्रदीप पुत्र कल्याण प्रसाद दत्तात्रेय निवासी- दांतरा पाडा, हिण्डौन सिटी | 6480/10089 | 25.33 | हिण्डौन |
| 24. | महेश चन्द गुप्ता पुत्र इन्दर लाल गुप्ता निवासी -किशन नगर हिण्डौन | 1903 | 166.67 | हिण्डौन |
| 25. | मायादेवी पत्नि स्व. भरतराम खन्ना निवासी-शीतला कोलोनी हिण्डौन सिटी | 6475 | 369.83 | हिण्डौन |
| 26. | सम्पति बाई पत्नि दिलीप निवासी-वर्धमान नगर हिण्डौन सिटी | 2196 | 88.88 | हिण्डौन |
| 27. | सुरेश चन्द गर्ग पुत्र स्व. बाबूलाल गर्ग निवासी-वर्धमान नगर हिण्डौन सिटी | 1425 | 150 | हिण्डौन |
| 28. | सतीश चन्द पुत्र रामगोपाल निवासी-वर्धमान नगर हिण्डौन | 2167 | 150 | हिण्डौन |
| 29. | निर्मला देवी पत्नि मदन मोहन शर्मा निवासी-सूरज कोलोनी हिण्डौन सिटी | 5816 | 83.33 | हिण्डौन |
| 30. | विधा देवी पत्नि धनपाल सिंह निवासी-आनंद विहार कोलोनी हिण्डौन सिटी | 1562 | 138.33 | हिण्डौन |
| 31. | धनपाल यादव पुत्र तेजराम जाटव निवासी-आनंद विहार कोलोनी हिण्डौन सिटी | 1562 | 106.67 | हिण्डौन |
| 32. | धनपाल यादव पुत्र तेजराम जाटव निवासी-आनंद विहार कोलोनी हिण्डौन सिटी | 1653 | 141.67 | हिण्डौन |
| 33. | राकेश कुमार गुप्ता पुत्र रामस्वरूप गुप्ता निवासी-वदलेटा बुजुर्ग बालघाट तह. टोडाभीम | 2042 | 266.67 | हिण्डौन |

अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त खसरा नम्बर में पट्टा जारी करने में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो 05 (पांच) दिवस में परिषद में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते है। अन्दर अवधि में आपत्ति पेश नहीं होने पर आवेदनकर्ता को नियमानुसार पट्टा जारी करने की कार्यवाही की जावेगी। इसके पश्चात कोई भी आपत्ति नहीं सुनी जावेगी। सूचित रहें।

आयुक्त
नगर परिषद, हिण्डौन